हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 28 अगस्त 2025

04 वर्क आर्डर होने के बावजूद भी ठेकेदार ने...



07 फ्लाईओवर खस्ताहाल: जर्जर हुई डगर पर...





### कलेक्टर के निर्देश पर निराश्रित गोवंश प्रबंधन के तहत की गई कार्रवाई

# हांका दल सक्रिय, निराश्रित गोवंश को किया जा रहा गोशालाओं में स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

**कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में निराश्रित गौवंश के प्रबंधन के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कार्यवाही की जा रही है।**

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में निराश्रित गौवंश के प्रबंधन के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रशासन द्वारा पशुओं को स्थाई एवं अस्थाई गौशालाओं में स्थानांतरित किया जा रहा है तथा घर-घर जाकर पशुपालकों को यह समझाइश दी जा रही है कि वे अपने पशुओं को सड़कों एवं मुख्य मार्गों पर विचरण के लिए न छोड़ें। ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में हांका दल को सक्रिय किया गया है, जो निराश्रित गौवंश को मुख्य मार्गों से हटाकर गौशालाओं में पहुंचा रहे हैं। इसके अतिरिक्त रहवासी क्षेत्रों से भी कैटल लिफ्टिंग वाहनों की सहायता से निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में स्थानांतरित किया जा रहा है।



#### रात में रास्तों से नप ने हटवाए मवेशी

सोहागपुर। कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशानुसार सोहागपुर नप द्वारा मंगलवार रात सड़कों से मवेशी हटाए गए हैं। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन में नगर परिषद सोहागपुर के हांका दल द्वारा रात्रिकाल में मुख्य सड़क पर बैठने वाले निराश्रित गौवंशों को हटाया गया। इन मवेशियों को हांककर अस्थाई गौशाला में भेजा जा रहा है।

#### नगरीय क्षेत्रों में भी लगाया जुर्माना, पशुओं को भेजा गौशाला

नगरीय क्षेत्र में निराश्रित पशु प्रबंधन के तहत नगर पालिका नर्मदापुरम द्वारा 36 पशुपालकों पर 18200 रुपए दंड कर वर्तमान में 130 गौवंश, नगर पालिका इटारसी में 16 पशुपालकों पर 4400 रुपए दंड कर 480 गौवंश रखे गए हैं तथा 3 पशुपालकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त नगर परिषद माखन नगर में 35 पशुपालकों पर 5250 रुपए दंड कर 120 गौवंश, सोहागपुर में 10 पशुपालकों पर 1600 रुपए दंड कर 40 गौवंश, पिपरिया में 52 पशुपालकों पर 750 रुपए दंड, बनखेड़ी में 13 पशुपालकों पर 2700 रुपए दंड कर 09 गौवंश तथा सिवनी मालवा में 12 पशुपालकों पर 12000 रुपए दंड कर 10 गौवंश को गौशालाओं में रखा गया है।

#### कैमरों से कर रहे सर्चिंग

निराश्रित गौवंश प्रबंधन के तहत जनपद पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत अब तक 47 पशुपालकों पर 6400 रुपए दंड अधिरोपित कर वर्तमान ने 485 गौवंश को गौशाला में रखा गया है। वहीं केसला में 12 पशुपालकों पर 2000 रुपए दंड कर 45 गौवंश, माखन नगर में 56 पशुपालकों पर 5900 रुपए दंड कर 309 गौवंश, सोहागपुर में 54 पशुपालकों पर 5450 रुपए दंड लगाया गया।

## सोहागपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी की हुई शिकायत

### कांग्रेस ने सौंपा आवेदन, निष्पक्षता लाने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



नगर सोहागपुर में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी की संभावना व्यक्त कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गत दिवस एक आवेदन सोहागपुर नप सीएमओ के नाम सौंपा है। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल के नेतृत्व में आवेदन सौंपा गया है।

कांग्रेस नेता नीरज चौधरी के अनुसार आवेदन में उल्लेख है कि पिछले तीन वर्षों में सोहागपुर शहर के 15 वार्डों में कई लोगों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन दिए। तथा अब कांग्रेस ने जानकारी मांगी है कि कितने लोगों को योजना का लाभ मिला। नीरज चौधरी ने बताया कि योजनांतर्गत वर्तमान में बनाई गई वार्डवार सूची भी कांग्रेस ने मांगी है। इधर आवेदन में उल्लेख है कि कई हितग्राहियों के आवास किशत नहीं मिलने के कारणअधूरे हैं। अतः उन्हें राशि दी जाए। इस दौरान पुष्पराज पटेल, कांग्रेसी पार्षदगण हेमलता कहार, धर्मदास बेलवंशी व भास्कर माझी, नीरज चौधरी, पूर्व पार्षद मोहन कहार, युकां नेता ऋषभ दीक्षित, कार्तिक शर्मा, देवांशु शर्मा आदि उपस्थित थे।

#### वार्ड पार्षद का आवेदन

नगर के अंबेडकर वार्ड की पार्षद व कांग्रेस नेत्री हेमलता कहार ने भी एक आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने वार्ड में पट्टा वितरण में अनियमितता की शिकायत की है, जिसमें पार्षद ने उल्लेख किया है कि वार्डवासियों को प्रशासन ने पट्टे नहीं दिए हैं। जबकि कई लोग इसके पात्र हैं, लेकिन अंबेडकर वार्ड के साथ भेदभाव किया जाता है।

आवेदन अनुसार आवास योजनाओं के योग्य आवेदक भी उनके वार्ड में लाभ से वंचित हैं। जबकि नगर के अन्य वार्डों में एक ही परिवार के कई व्यक्तियों को योजना के लाभ दिए गए हैं।

#### सुझाए जांच के बिंदु

- आवास योजना के आवेदन का स्पॉट वेरिफिकेशन हो।
- नगर के प्रत्येक वार्ड के वार्ड प्रभारी को स्पॉट वेरिफिकेशन एवं आवेदन के सत्यापन का दायित्व दिया जाए।
- आवेदन पत्र में उल्लेखित विवरण सत्य ना होने की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जाए।
- यदि कोई वार्ड प्रभारी दबाव में या लालच के चलते अपात्र व्यक्ति को भी पात्र घोषित करने में सहयोग करता है, तो उसकी बर्खास्तगी के कार्रवाई की जाए।
- भ्रामक जानकारी देकर शासकीय योजना का लाभ लेने का प्रयास करने वाले आवेदक के विरुद्ध पुलिस प्रकरण दर्ज किया जाए।

## जैन समाज के पर्यूषण पर्व का आज होगा शुभारंभ, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



जैन समाज के प्रमुख त्यौहार दशलक्षण पर्व पर्यूषण पर्व का गुरुवार से शुभारंभ होगा। इस अवसर पर सोहागपुर में जैन मंदिर में शुभ समय में ध्वजारोहण कर शुभारंभ कार्यक्रम किया जाऐगा। इस अवसर पर सुबह से स्थानीय जैन चैत्यालय में मंदिर विधि, पाठ, भजन व नृत्य के साथ उत्साहपूर्वक आरती की जाऐगी। जानकारी अनुसार पर्व के प्रथम दिवस गुरुवार को दशलक्षण धर्म का प्रथम दिवस उत्तम क्षमा धर्म के रूप में मनाया जाऐगा। जैन समाज प्रतिष्ठाचार्य पंडित नीलेश जैन ने बताया कि ₹क्षमा वीरस्य भूषणम₹ अर्थात क्षमा ही वीरों का आभूषण होता है। पर्व दौरान दस दिनों तक यह उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन सुबह व शाम मंदिर विधि होगी तथा नियमित रूप से प्रवचन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। पर्व शुभारंभ के एक दिन पूर्व बुधवार को स्थानीय चैत्यालय में इसकी तैयारी सोहागपुर सकल जैन समाज की ओर से की गई है। दिनभर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चैत्यालय सज्जा व अन्य कार्य संपन्न किये। समस्त क्षेत्रवासियों ने पर्यूषण पर्व शुभारंभ की पूर्व संध्या पर बुधवार को सोहागपुर सकल जैन समाज को शुभकामनाएं दी हैं।

#### यह है क्रम

शुभम जैन ने बताया कि पर्यूषण पर्व दौरान विशेष प्रार्थना, स्वाध्याय तथा साधना की जाती है। आत्म शुद्धि के इस पवित्र पर्व में 10 दिनों तक उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, अकिंचन और ब्रह्मचर्य जैसे धर्मों की व्याख्या की जाती है। पर्व के अंतिम दिवस क्षमा वाणी महोत्सव मनाया जाता है। जिसमें श्रद्धालु जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगते हुए प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। बुधवार को पर्व की तैयारी करने जैन समाज के नागरिक चैत्यालय पहुंचे।

## 10 दिवसीय गणेशोत्सव का हर्षोल्लास के साथ हुआ शुभारंभ

### बाजार में हुई जमकर खरीददारी, घरों में भी भगवान श्रीगणेश की हो रही उपासना, ऋषि पंचमी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



जिले भर में गुरूवार को गणेशोत्सव का आरंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया इस दौरान लोगों ने अपने घरों में विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की। 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन नगर में प्रारंभ हो गया। वहीं नर्मदापुरम नगर में गणेश चतुर्थी पर शहर के अनेकों स्थानों पर भगवान गणेश की स्थापना होगी। इनमें 20 से 25 बड़ी झांकियां तैयार की गई हैं। वहीं नगर में एसएनजी के पास गणेश प्रतिमाओं का बाजार सजा है। यहां 100 रुपए से 5100 रुपए तक की मूर्तियां मिल रही हैं। जबलपुर से लाई गाई विशेष मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग मूर्ति विक्रेताओं ने बताया कि बाहर से विशेष मिट्टी की प्रतिमाएं लाई गई हैं। इनकी कीमत 500 से 3100 रुपए के बीच है। वहीं उन्होंने बताया कि दुकान पर 1100, 3100 और 5100 रुपए की प्रतिमाएं हैं। प्रशांत प्रजापति 500 से 2100 रुपए तक की मूर्तियां बेच रहे हैं। खरीदार अन्नपूर्णा पटेल ने 500 रुपए की प्रतिमा खरीदी है। विजय राय चंदानी ने 1500 रुपए की मूर्ति ली है, जो पिछले साल से महंगी है।

#### बाजार रहा गुलजार

बुधवार को मूर्तियों के अलावा अन्य सामग्रियों की जमकर खरीददारी हुई। इस दौरान छोटे व्यवसायियों ने भी जमकर बिक्री की जहां फूल, फल और अन्य सामग्रियों की भरमार रही वहीं गुरूवार को ऋषि पंचमी त्यौहार को लेकर भी महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोगों ने वाहनों की भी खरीददारी की। इससे पूर्व घरों में भगवान गजानंद के आगमन को लेकर तैयारी की गई थी जो देर शाम तक चलती रहीं।

## नपा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी दादा गुरु ने नर्मदा कालेज में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



एक पेड़ मां के नाम अभियान नगरपालिका परिषद द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देश पर नगरपालिका द्वारा वार्डवार पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज प्रसिद्ध संत नर्मदा भक्त दादा गुरूजी द्वारा प्रधानमंत्री उत्कृष्ट नर्मदा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, गोकुल पटेल, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, राहुल सोलंकी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, पूर्व जनपद अध्यक्ष संगीता सोलंकी, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला सहित अनेक भाजपा नेता और मां नर्मदा के भक्तगण उपस्थित थे। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने कहा कि हमारी परिषद द्वारा लगातार पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। ऐसा कोई भी हमारा धार्मिक ग्रंथ नहीं है जिसमें पर्यावरण संरक्षण की बात न लिखी गई हो। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह है कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु एक पौधा अवश्य लगाएं।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के रामपुर थाना क्षेत्र की एक 15 साल की किशोरी रेप कर गर्भवती करने का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़िता को शादी का झांसा देकर घर से भगा ले गया था। उसके साथ गाडरवाड़ा में किराए के मकान में रहा, यहां पीड़िता से रेप भी किया।

चार महीने बाद रामपुर पुलिस ने गाडरवाड़ा पहुंचकर किराए के मकान से पीड़िता को बरामद किया। पुलिस की भनक लगने पर आरोपी ललित बमरेले (21) फरार हो गया। जिसे बुधवार को पुलिस ने अरेस्ट कर नर्मदापुरम रामपुर थाना लेकर आई। आरोपी को कोर्ट पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की उम्र 15 साल है, जो रामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। पीड़िता का दीदी-जीजा नर्मदापुरम में रहते है। जहां उसका आना, जाना रहता था। तभी पीड़िता आरोपी के संपर्क में आई।रामपुर थाना प्रभारी विपिन पाल ने बताया कि आरोपी ने उसे झांसे में लेकर शादी करने का लालच दिया। मई 2025 में पीड़िता को आरोपी भागकर गाडरवाड़ा ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बीच पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता को गाडरवाड़ा से लेकर आएं है, उसका मेडिकल कराया गया। सोनोग्राफी कराई जाएगी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## दिव्यांग विद्यार्थियों संग माटी से बनाए गणेश राज्यसभा सांसद ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने सोमवार को निज निवास स्थित कार्यालय ₹संवाद केंद्र₹ पर भविष्य विशेष विद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर गणेशोत्सव के अवसर पर माटी से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का निर्माण किया। सांसद माया नारोलिया ने कहा कि "पर्यावरण संरक्षण आज की महती आवश्यकता है। मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाएं न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखती हैं, बल्कि बच्चों में रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान भी जागृत करती हैं।" उन्होंने सभी स्नेहीजनों को माटी से निर्मित गणेश प्रतिमा वितरित करते हुए गणेशोत्सव को पर्यावरण हितैषी तरीके से मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर भविष्य विशेष विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ अपने हाथों से मिट्टी के गणेश बनाए, जिससे वातावरण श्रद्धा और उल्लास से भर उठा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, विद्यालय से योगेश शर्मा, चेल्सी मैडम, विनोद, विक्रम नारोलिया, अंजू नारोलिया, रोमा नारोलिया, तपेश गौर, कृष्णा गौर ज्योति रैकवार जीरो भाई रितिका लोवंशी योगेंद्र सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## पार्श्वगायक स्व. मुकेश की पुण्यतिथि पर दी गई स्वरांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

महान भारतीय पार्श्वगायक मुकेश की पुण्यतिथि के अवसर पर सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को नेहरू पार्क में नर्मदापुर युवा मंडल व आहूजा म्यूजिकल ग्रुप के तत्वाधान में गायक मुकेश को गीत संगीत के माध्यम से सुरांजलि दी गई। गायक कलाकारों ने ₹जीना यहां मरना यहां, चंदन सा बदन, तेरी निगाहों पर मर मर गए हम, तौबा यह मतवाली चाल, सावन का महीना पवन करें शोर, एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल जैसे गीत गाए गए। इस अवसर पर गायक सूरज तलरेजा, प्रकाश आहूजा, हरीश मांझी, भारत भूषण गांधी, आनंद मोहन शुक्ला, एसके मालवीय, एमएस राजपूत, अतुल मंडलोई, नितिन परिता, हिमांशी परिता और तरुण देव ने मुकेश के गीत गाकर उनकी पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी।

### नंदीगढ़ पर्वत पर सैंकड़ों की तादात में पहुंचते हैं भक्त

## पचमढ़ी सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्वतों की आकृति जो भगवान गणेश की दिलाते हैं याद, भक्तों की श्रृद्धा का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

पचमढ़ी जो कि सतपुडा वन क्षेत्र में बसा हुआ है यह दृश्य जो भगवान गणेश की प्रतिमा जैसा दिखाई पड़ता है यह निशानगढ़ पर्वत है जो की पचमढ़ी नागद्वार क्षेत्र में स्थित है। नागद्वार यात्रा के दौरान इस पर्वत एवं इस पर्वत पर स्थित नडीगढ़ मंदिर का महत्व काफी ज्यादा माना जाता है। नाथद्वारा यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु इस पर्वत पर पहुंचकर नंदी की पूजा करते हैं।

पचमढ़ी की यात्रा में कई महत्वपूर्ण स्थल हैं, जिनमें से एक है नंदीगढ़ पर्वत। यह पर्वत पंचमढ़ी से कुछ ही दूरी पर स्थित है और इसका धार्मिक और प्राकृतिक महत्व है। नंदीगढ़ का नाम भगवान शिव के वाहन नंदी के नाम पर रखा गया है। कहा जाता है कि इस पर्वत पर नंदी की एक प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। जो पर्यटक केन्द्र के साथ-साथ आसापास के जिलों के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का भी प्रमुख केन्द्र है।





#### नंदीगढ़ पर्वत की यात्रा कुछ खास बातें

**प्राकृतिक सौंदर्य:** इस पर्वत के चारों ओर घने जंगल, हरी-भरी घाटियाँ और मनमोहक दृश्य हैं। यहाँ से सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा बहुत ही शानदार लगता है।

**धार्मिक महत्व:** यह स्थान भगवान शिव के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। यहाँ का शांत वातावरण ध्यान और पूजा के लिए एकदम सही है।

**ट्रेकिंग:** नंदीगढ़ की चोटी तक पहुंचने के लिए ट्रेकिंग का विकल्प भी है। यह ट्रेकिंग रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होती है, जो प्रकृति प्रेमियों और एडवेंचर के शौकीनों को बहुत पसंद आती है।

**यादगार अनुभव :** पंचमढ़ी की यात्रा के दौरान नंदीगढ़ पर्वत पर जाना एक यादगार अनुभव हो सकता है। यह आपको प्रकृति और आध्यात्मिकता के करीब ले जाएगा। यदि आप पचमढ़ी जाने की योजना बना रहे हैं, तो नंदीगढ़ पर्वत को अपनी यात्रा सूची में जरूर शामिल करें।

## विद्यालयों में बच्चों के लिए हुआ फर्नीचर का वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सुदूर ग्रामीण प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में फर्नीचर की कमी को दूर करने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल के तहत इटारसी अनुविभाग के 20 विद्यालयों को कुल 405 बेंच वितरित किए गए। यह वितरण कार्यक्रम ऋषि इंटरप्राइजेस, खेड़ा, इटारसी में आयोजित हुआ, जिसमें एसडीएम टी. प्रतीक राव, तहसीलदार इटारसी शक्ति सिंह तोमर और विकासखंड शिक्षा अधिकारी केसला आशा मौर्य की उपस्थिति रही।

इस पहल में इटारसी के कई समाजसेवियों एवं संस्थाओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस अवसर पर एसडीएम टी. प्रतीक राव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थी फर्नीचर के अभाव में भूमि पर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे, जिससे उन्हें शैक्षणिक गतिविधियों के दौरान कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से 13 वर्षीय बालक की मौत

**बैतूल।** कोतवाली थाना अंतर्गत पाढर पुलिस चौकी इलाके के लावण्या गांव में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गए 13 साल के बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया। मृतक का नाम राजकुमार यादव पिता तुलसीराम यादव है। राजकुमार छठवीं क्लास में पढ़ता था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके परिवार में तीन बहनें भी हैं। पिता तुलसीराम यादव गांव में आटा चक्की चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इकलौते बेटे की मौत से परिवार गहरे सदमे में है। पुलिस जांच में सामने आया कि जिस खेत में राजकुमार गया था, वहां किसान ने फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर करंट युक्त तार बिछाए थे। राजकुमार अनजाने में इन तारों के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगने से उसकी पीठ, गर्दन और कंधे पर गहरे जलने के निशान हो गए। करंट इतना तेज था कि शरीर के अंदर तक चोट पहुंच गई और मौके पर ही उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में राजकुमार को पाढर अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पाढर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

**बैतूल।** बैतूल के शाहपुर थाना इलाके में बुधवार को नेशनल हाईवे 47 पर अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना भौंरा पुलिस चौकी अंतर्गत पोलापत्थर के पास हुई है। जानकारी के मुताबिक, दोनों युवक बाइक से कछार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। शव को एंबुलेंस से शाहपुर लाया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर बैतूल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि घायल विनोद विश्वकर्मा की गाड़ी लेकर निकला था। पुलिस बाइक के नंबर से मृतक और घायल युवक की पहचान करने का कोशिश कर रही है।

### विवाद के बाद पति ने खाया जहर

**बैतूल।** साईखेड़ा थाना क्षेत्र के जावरा गांव में मंगलवार देर रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद युवक ने सल्फास खा लिया। मृतक की पहचान संजय साहू के रूप में हुई है। वह पेशे से ड्राइवर था। परिजनों के मुताबिक, विवाद के दौरान पत्नी ने गुस्से में कुछ कह दिया। इसके बाद संजय ने घर में रखे गेहूं में से सल्फास की गोली निकालकर खा ली। जहर खाने के बाद संजय को उल्टियां और घबराहट होने लगी। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई।

### गड्ढों का फोरलेन, परेशान हो रहे वाहन चालक, जिम्मेदार बने अनजान

# वर्क आर्डर होने के बावजूद भी ठेकेदार ने नहीं किया पैंचवर्क, लोग हो रहे परेशान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

बैतूल-इटारसी फोरलेन के 72 किमी में से 51 किमी बन चुका है। लेकिन 21 किमी फोरलेन सडक़ निर्माण का कार्य हाईकोर्ट में मामला होने के कारण अभी तक अटका हुआ है। जो सडक़ नहीं बन पाई है, उस सडक़ पर गड्ढे हो गये है। एनएचएआई ने 2024 में 2 करोड़ 99 लाख का बिलो रेट का पैचवर्क का ठेका गोपालजी कंस्ट्रक्शन को दिया था। इसके वर्क ऑर्डर दिसंबर 2024 में हुए थे और 31 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक एक साल में काम पूरा किया जाना था। लेकिन यहां सडक़ पर कहीं भी पैचवर्क के निशान तक नहीं हैं। अब रोजाना वाहन चालक गड्ढों के कारण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इधर इस मामले में एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि पक्का पैचवर्क बारिश के कारण नहीं हो सकता है। इसलिए फिलहाल गड्ढों को जीसीबी से भरने का काम किया जा रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि बैतूल से इटारसी के बीच 650 करोड़ की लागत से 72 किलोमीटर फोरलेन बनना था। 72 किलोमीटर में से 21 किलोमीटर में अभी भी काम रुका हुआ है। लेकिन जो 51 किलोमीटर सडक बनी है, उसमें भी इंतजामात अधूरे ही हैं। सडक पर भारी ट्रैफिक शुरू होने और टोल टैक्स वसूली करने के बावजूद अब तक यहां पर सुविधाएं अधूरी हीं हैं। इस सडक का अधिकांश हिस्सा अंधेरे में डूबा रहता है। कई जगहों पर क्रॉसिंग भी नहीं बनी है। जिससे लोग रांग साइड से वाहन चलाते है और दुर्घटना का शिकार बन रहे है। कुछ जगहों पर लाइट नहीं होने से लोगों को आने-जाने में दिक्कते होती है।

#### *अभी तक डामरीकरण का काम शुरू तक नहीं*

*बैतूल-इटारसी फोरलेन के 72 किलोमीटर में से 21 किलोमीटर सडक अधूरी है। इसका मामला अधर में है, इसका पैचवर्क नहीं किया गया है। एनएचएआई ने इसके पैचवर्क का ठेका करते हुए लगभग पांच महीने पहले वर्क आर्डर जारी किए थे। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि बारिश के कारण यह काम रुका है। जबकि इस पूरी सडक पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। वाहनों के इनमें जाने से इनमें खराबियां आ रही हैं। बस मालिक व वाहन चालक मोनू आर्य ने बताया कि बसों के पहियों में गिट्टी घुसने और आगे-पीछे के पट्टे टूटने की स्थितियां बहुत बन रही हैं। वाहनों में खराबी लगातार आ रही है। हर बार पट्टा बदलने पर 1400 से 2600 रुपए तक खर्च होते हैं। सोनू बारस्कर ने बताया कि गड्ढे के कारण वाहन खराब हो रहे हैं।*

#### *अधूरे 21 किमी फोरलेन पर गड्ढे ही गड्ढे*

*बरेठा मंदिर के समीप और सारनी जाने वाली टर्निंग के पास सडक़ पर किसी तरह का काम नहीं होने की बात वाहन चालकों ने बताई है। बरेठा मंदिर के समीप किसी तरह का काम नहीं दिखा है। सडक़ पर गड्ढों की वजह से वाहनों के खराब होने और पलटने की घटनाएं हो रही है। जिसका खामियाजा अन्य वाहन चालकों को आए दिन जाम जैसी स्थिति के रूप में चुकाना पड़ रहा है। बताया जाता है कि घाट में छोटे-मोटे जाम तो आमबात है। यहां टर्निंग पर सडक बमुश्किल 6 मीटर चौड़ी है, इस कारण वाहन फंस जाते हैं और कई बार तो पलट जाते हैं। अधिकांश जाम मंदिर के दोनों ओर की संकरी टर्निंग पर लगते हैं। यहां बड़े वाहनों के टर्न करने के दौरान रिवर्स आने की भी अधिक संभावना रहती है।*

#### *घाट सेक्शन में बनाए जाने हैं दो एनीमल अंडरपास*

*बैतूल से इटारसी के बीच 650 करोड़ से 72 किलोमीटर फोरलेन बनना था। इसमें से 21 किलोमीटर में काम रुका हुआ है। फोरलेन निर्माण से बाघों और अन्य वन्य प्राणियों का आवागमन प्रभावित नहीं हो, इसके लिए फोरलेन पर दो जगह 1 किलोमीटर और 400 मीटर लंबे एनीमल अंडरपास बनाने की रिपोर्ट राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने एनएचएआई को दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार तवा परियोजना के प्रवेश द्वार के समीप और बरेठा घाट के समीप एनीमल अंडरपास बनाने पड़ेंगे। जिससे कि वन्य प्राणियों का आवागमन इस फोरलेन के बनने से प्रभावित नहीं हो। इस रिपोर्ट के बाद 21 किलोमीटर में रुका हुआ काम शुरू होने के आसार बन गए थे। लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है।*

#### काम पूरा हो जाएगा...

मेंटनेंस का काम कॉन्टैक्टर को दिया है। कॉन्टैक्टर को दिसंबर 2025 तक काम पूरा करना है। अभी यंहा जीसीबी से गड्ढे भरने का काम किया जा रहा है। केसला के पास थोड़ा काम बचा है। दो-चार दिन में यह काम भी पूरा हो जायेगा।

**मनीष मीणा**, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

## नगर के दोनों एटीएम बंद उपभोक्ताओं की बढ़ी मुश्किलें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा**




नगर के लोगों को बैंकिंग सुविधा के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। नगर में दो एटीएम संचालित हैं, जिनमें से एक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का सीमेंट रोड मार्केट स्थित एटीएम है, जबकि दूसरा पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का एटीएम मेंन रोड स्थित बैंक शाखा के सामने है। दोनों एटीएम विगत कई दिनों से बंद पड़े हुए हैं, जिसके चलते व्यापारी वर्ग और ग्रामीण उपभोक्ताओं को गंभीर परेशानी उठानी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार, एसबीआई का एटीएम पिछले आठ दिनों से शटर डाउन है, वहीं पीएनबी का एटीएम पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा है। स्थिति यह है कि उपभोक्ताओं को कैश निकासी के लिए मजबूरन बैंक शाखाओं की ओर रुख करना पड़ रहा है। व्यापारी अश्विनी दुबे, कृष्णकांत मालवीय, पराग राठौर, दिनेश मालवीय, गौरव राठौर और प्रदीप दुबे ने बताया कि लंबे समय से एटीएम बंद होने से लेनदेन प्रभावित हो रहा है। इससे व्यापारियों को नकदी लेनदेन के लिए अतिरिक्त समय और परेशानी उठानी पड़ रही है। बैंक हर साल उपभोक्ताओं से एटीएम चार्ज वसूलती है, लेकिन सुविधा देने में पूरी तरह नाकाम है। इससे आम ग्राहकों और व्यापारियों दोनों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक प्रबंधन यदि समय रहते एटीएम की नियमित देखरेख और सुचारू संचालन सुनिश्चित करे तो उपभोक्ताओं को इस तरह की समस्या से राहत मिल सकती है।पीएनबी के संबंध में प्रबंधन स्तर से प्राप्त जानकारी के अनुसार एटीएम का कैश लॉक खराब हो गया है। बैतूल से इंजीनियर आकर इसकी जांच कर चुके हैं और अब दिल्ली से तकनीकी टीम आने के बाद ही इसे ठीक किया जाएगा।

#### *नई मशीन लगाने का काम जारी है*

*एटीएम में नई मशीन लगाने का कार्य जारी है। यह प्रक्रिया जिले के सभी एटीएम में चल रही है। उन्होंने कहा कि आगामी माह तक नई मशीन लग जाएगी, तभी भौंरा का एटीएम फिर से प्रारंभ हो पाएगा।*

***मुकेश उइके**, एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय बैतूल*

## गौर विसर्जन कर तोड़ा व्रत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**



तीज पर निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं ने गणेश चतुर्थी पर गौर विसर्जन कर अपना व्रत तोड़ दिया। सुबह से ही पवित्र नदियों में हरितालिका तीज के बाद गौर विसर्जन किया गया। गाजे बाजे के साथ महिलाएं शहर के बड़ा तालाब, माचना नदी और अन्य स्थानों पर पहुंची। यहां गौर विसर्जन कर महिलाओं ने निर्जला व्रत तोड़ा। इसके पहले भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कई प्रकार के फल और मां पार्वती के सौभाग्य प्राप्ति के लिए चुनरी सहित 16 श्रृंगार की सामग्री चढ़ाई गई। सुबह से गौर विसर्जन का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। इसके पहले महिलाओं ने गुरुवार रात जागकर भजन कीर्तन भी किए।

## बगड़ोना में दर्दनाक हादसा, ट्रक ने दस गाय को कुचला, 9 की हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी**



बगड़ोना से निकालने वाले स्टेट हाइवे पर देर रात साढ़े ग्यारह बजे एक तेज़ रफ्तार ट्रक ने सडक़ पर बैठी दस गायों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि छह गायों की मौक़े पर ही मौत हो गई थी और सडक़ भी ख़ून से लथपथ थी। हादसे की जानकारी लगते ही सैकड़ों की संख्या लोग मौक़े पर जमा हो गए और तुरंत ही पुलिस भी घटना स्थल पर पहुँची। सारनी थाना प्रभारी जयपाल इवनाती और एसडीओपी सारनी प्रियंका करचाम पूरे समय घटनास्थल पर मौजूद रहे। इस दौरान घटना स्थल पर ललित डहरिया, अमन सिंह, मनोहर परिहार, मिथून बरसे, रहमान, अमन रावत, रोहित, काशिफ़ क़ुरैशी, बगड़ोना व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश नायर समेत बड़ी संख्या में लोगों ने गायों के राहत बचाव कार्य के लिए सहयोग किया और घटना की जानकारी सतपुड़ा बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी के अध्यक्ष आदिल खान को दी। जिसके बाद आदिल ने पशु चिकित्सा विभाग से संपर्क किया और पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों के साथ घटना स्थल पर पहुँचे। जहाँ सहायक पशु चिकित्सक डॉ रूपेश उबनारे और सहयोगी दिनेश द्वारा घायल गौवंश का उपचार किया गया। आदिल ने बताया कि घटना स्थल पर ही 6 गाय, बछिया की मृत्यु हो गई थी और तीन की हालत गंभीर थी। जिनका प्राथमिक उपचार के बाद मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा नगरपालिका और आम नागरिकों के सहयोग से गायों के शवों को उठवाया गया और नगरपालिका के ट्रेंचिंग ग्राउंड में सुरक्षित रखवाया गया। आदिल ने बताया कि हादसे के बाद सडक़ ख़ून से लथपथ हो गई थी, जिसे रात में ही फायर ब्रिगेड के माध्यम से धोया गया। शवों को सुरक्षित रखने और घायल गौवंश को गौ शाला भिजवाने के लिए थाना प्रभारी सारनी जयपाल इवनाती और एसडीओपी सारनी प्रियंका करचाम रात ढाई बजे तक मौक़े पर मौजूद रहे।

### 5 लोग झुलसे से एक की हालत गंभीर

## हाई टेंशन 11केवी लाइन से टकराई ट्रैक्टर ट्राल,



**मुलताई।** ग्राम चौथिया के पास आटा मिल के समीप दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसमें में कीचड़ में फंसी ट्रैक्टर ट्राली को दूसरी ट्राली की मदद से निकालते समय टोचन ऊपर से जा रही 11 केवी हाई टेंशन लाइन से टकरा गई, जिसकी चपेट में आकर पांच लोग झुलस गए। जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में चौथिया उप सरपंच सतीश डोगरदिये ने बताया कि ग्राम चौथया के पास ही आटा मिल है जहां एक ट्रैक्टर ट्राली गल्ला लेकर आई थी। वर्षा के कारण ट्राली का चक्का फस गया। जिसे निकालने के लिए दूसरी ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग किया जा रहा था कि तभी हाइड्रोलिक ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन 11 केवी लाइन से टकरा गई। जिसमें पांच लोग सुलझ गए। सभी घायलों को मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे बैतूल रेफर कर दिया गया है। घायलों में चौथिया निवासी जिंदा कालभोर (50) और दिनेश बारंगे (33), वलनी निवासी अखिलेश काशीराम (28) और उदय लाभ सिंह (46), तथा मुलताई निवासी अल्ताफ शामिल हैं।

### रातभर गूंजते रहे भजन-कीर्तन

## पति की लंबी आयु और परिवार की सुख समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा**



मंगलवार को नगर धार्मिक आस्था के रंग में रंगा नजर आया। जगह-जगह मोहल्लों में महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर एकत्रित हुईं। सुहागिन महिलाओं ने मांग में सिंदूर सजाया, हाथों में चूडय़ाँ और माथे पर टीका लगाकर श्रद्धा से हरतालिका तीज का व्रत रखा। यह व्रत विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए करती हैं, वहीं अविवाहित कन्याएं मनचाहे वर की प्राप्ति की कामना करती हैं। नगर के माता मोहल्ला, बिजली कॉलोनी, आजाद वार्ड, रेलवे कॉलोनी, सीमेंट रोड, बस्ती, पटेल वार्ड, काली वार्ड और मिश्रा कॉलोनी में मंगलवार की शाम से ही उत्साहपूर्ण माहौल था। हर घर और चौक पर महिलाएं फुलेरा सजाकर शिव-पार्वती की पूजा करती दिखाई दीं। माता मोहल्ला में महिलाओं का समूह पूजा स्थल के सामने बैठा था। उन्होंने बताया कि हरतालिका तीज व्रत हमारी परंपरा है। यह व्रत हम अपने परिवार की भलाई और सौभाग्य के लिए करते हैं। रातभर भजन-कीर्तन से नगर का माहौल भक्ति में डूबा रहता है।

#### *गौर विसर्जन के साथ व्रत संपन्न*

*बुधवार सुबह भौंरा के बीजासेन माता मंदिर स्थित नदी तट पर बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र हुईं। हाथों में पूजा की थाली और सिर पर गौर माता की प्रतिमा लिए महिलाएं विसर्जन स्थल तक पहुंचीं। नदी किनारे मंत्रोच्चार और आरती के बाद गौर माता का विसर्जन किया गया। इसके साथ ही निर्जला उपवास रखने वाली महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से व्रत का पारणा किया। नगर में हरतालिका तीज का यह पर्व एक बार फिर साबित कर गया कि आस्था और परंपरा आज भी समाज को जोडक़र रखने वाली सबसे बड़ी शक्ति है।*

### पीड़ित महिला ने जनसुनवाई में लगाई गुहार

## घरेलू हिंसा के मामले में गंभीर नहीं स्थानीय प्रशासन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई**



जिन अधिकारियों पर घरेलू हिंसा के मामले में संवेदनशीलता के साथ निपटारे की जवाबदेही है, उन्ही पर घरेलू हिंसा जैसे संवेदनशील मामलों में पक्षपात का आरोप लग रहा है। हाल ही में मुलताई जनपद में आयोजित जनसुनवाई में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें इंदिरा गांधी वार्ड निवासी लक्ष्मी पति प्रदीप निकाजू ने जनपद कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को एक शिकायत पत्र सौंप कर बताया है कि मैं अपने पति की शारीरिक और मानसिक प्रताडऩाओं से परेशान होकर अपने दो बच्चों के साथ अपनी बहन के किराये के घर में मुलताई में निवास कर रही हूँ। मैं मालवीय मैडम के कार्यालय में 28 जुलाई को घरेलू हिंसा की रिपोर्ट दर्ज करने गई, लेकिन 4-5 बार यहाँ जाने के बाद भी उन्होने मेरी रिपोर्ट नहीं ली और फोन पर उनसे बात करने पर वह फोन काट देती है और कहती है कि मैने तुम्हारे पति को बुलाया है, वह आयेगे तो उससे राजीनामा कर लो। मैंने मैडम को उनके कार्यालय में अपने साथ घटी आपबीती बताई, लेकिन वह मुझ पर मेरे पति से राजीनामा करने का दबावा बना रही है और एक माह का समय हो गया लेकिन उन्होने अब तक घरेलू घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। महिला ने उक्त मामले में कार्रवाई की मांग की है। महिला अपराधों की जानकार एवं अधिवक्ता हरप्रीत कौर खुराना इस संबंध में बताती है कि महिला संबंधी अपराध एवं घरेलू हिंसा के मामलों का प्रारंभिक स्तर पर निराकरण हो सके और महिलाओं को सही कानूनी सहायता मिल सके। इसके लिए शासन ने पुलिस के अलावा परियोजना अधिकारी इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विस स्किल मुलताई को भी घरेलू हिंसा मामलों में घरेलू घटना रिपोर्ट दर्ज कर मामलों को सही मुकाम तक पहुंचने की जवाब देही सौपी है, किंतु विभाग प्रमुख इन संवेदनशील मामलों में गंभीरता ना दिखाकर लापरवाही पूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। जिससे शासन की मनसा पर पानी फिर रहा है। यही कारण है कि जिन पर मामले का निपटारा करने की जवाबदारी है इन विभाग प्रमुखों की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस खबर के संबंध में प्रभारी परियोजना अधिकारी से उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया था किंतु उन्होंने इसका उत्तर नहीं दिया।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने स्थानीय कारीगर से की चर्चा



**बैतूल।** गणेश उत्सव पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल कारगिल चौक पहुंचे। वहां उन्होंने लोकल दुकानदार से मूर्ति भी खरीदी। मूर्ति विक्रेताओं को नगर पालिका द्वारा हटाए जाने की शिकायत पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मौके पर ही सीएमओ को फोन कर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूर्ति विक्रेताओं को यहां से न हटाया जाए और आने वाले वर्षों में उन्हें और बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान खंडेलवाल ने गणेश प्रतिमा और पूजन सामग्री खरीदी। उन्होंने स्थानीय कारीगरों से ही मूर्तियां खरीदने का संदेश देते हुए कहा कि सभी लोग वोकल फॉर लोकल को अपनाने की अपील की।

### उत्साह से शुरू हुआ 10 दिवसीय उत्सव

## गाजे-बाजे के साथ पंडालों में विराजे विघ्न विनाशक गणपति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**



विघ्नों को हरने वाले प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का 10 दिवसीय उत्सव बुधवार से प्रारंभ हो गया। इसका समापन अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन के साथ होगा। गणेश प्रतिमाएं ले जाने का सिलसिला बुधवार सुबह से ही शुरू हो गया था और शाम तक चलता रहा। वैसे कुछ लोग मंगलवार ही गणेश प्रतिमाएं घर लेकर आ गये थे। जहां बुधवार को श्रद्धालुओं ने मुहूर्त के अनुसार गणेश प्रतिमाओं का विधि विधान से पूजा अर्चना कर स्थापना की। शहर के लगभग आधा सैकड़ा स्थानों पर सार्वजनिक गणेश मंडल द्वारा भी चित्ताकर्षक प्रतिमाएं विराजित की गई है। हालांकि बड़ी प्रतिमाओं की स्थापना का सिलसिला दोपहर बाद शुरु हुआ। आज बारिश न होने से श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे से भगवान श्रीगणेश की स्थापना की। पूरे अंचल में गणेश उत्सव को लेकर पहले दिन खासा उत्साह देखा गया। वहीं गणेश चतुर्थी के कारण बाजार में खासी भीड़ रही। कोठीबाजार और गंज में दर्जनों स्थानों पर छोटी से लेकर बड़ी मूर्तियां बिकने के लिए रखी गई थी। इस बार बारिश ने मूर्तिकारों का अच्छा साथ दिया। यही वजह है कि बड़ी तादाद में मूर्तियां शहर में बिकने आई थी। बाहर से आए मूर्तिकारों ने भी इस बार भारी संख्या में मूर्तियां बनाई थी। मिट्टी से बनी मूर्तियां 501 रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक बिकी। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी मूर्तियां बिकी है।

## पुलिस ने बगडोना लूट कांड का किया खुलासा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी**



पुलिस ने बगडोना लूट कांड का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को पीड़ित अजीमुद्दीन (उम्र 34 वर्ष), निवासी शाहदरा, दिल्ली जो बीएसएनएल टावर से संबंधित कार्यरत कर्मचारी हैं, को ग्राम जाजबोडी, सारणी के तीन आरोपियों द्वारा कमरे का प्रलोभन देकर बुलाया गया। जहां आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर उससे वीवो मोबाइल फोन मूल्य 15,000 और नगद राशि 5,000 सहित एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं कंपनी आईडी कार्ड लूट लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज का संकलन एवं विश्लेषण किया गया। मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने राखड़ डैम, धसेड़ रोड के पास दबिश देकर आरोपी राहुल उइके पिता मुन्ना उइके, उम्र 19 वर्ष, निवासी जाजबोडी, थाना सारणी एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से लूटा गया वीवो मोबाइल फोन, नगद 2,000 और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर जप्त की गई। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इवनाती, उनि वंशज श्रीवास्तव, प्र.आर मनोज डेहरिया, ज्ञान सिंह टेकाम, आर रविमोहन दर्शिमा, सुभाष मण्डलोई, अनुज यादव, राकेश करपे, सैनिक सुभाष, साइबर सेल बैतूल आरक्षक दीपेंद्र सिंह एवं टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## 31 अगस्त को मनाई जाएगी राधा अष्टमी



**सेमरी हरचंद।** गुर्जर समाज की आराध्या राधे रानी का जन्म उत्सव राधा अष्टमी का पर्व जिला स्तर पर 31 अगस्त दिन रविवार को दोपहर 1:00 बजे से रिपटा मंदिर साड़ियां रोड पिपरिया मैं मनाया जाएगा जिसमें चल समारोह भी होगा गुर्जर विकास समिति के जिला अध्यक्ष गिरिराज चौधरी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि राधा रानी के जन्मोत्सव को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा जिसके लिए घर-घर जाकर सोशल मडिया के माध्यम से सामाजिक एवं सनातन बंधुओं आमंत्रित किया जा रहा है।

## जिला उपार्जन समिति की बैठक हुई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने पुराने चना एवं मसूर उपार्जन के भुगतान संबंधी लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भुगतान शेष रह गए हैं वे जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी सीजन के लिए विकासखंड स्तर पर फसलों की जानकारी, बीजों एवं खाद की आवश्यकता के आंकलन के लिए जानकारी एकत्र की जाए। माईक्रो लेवल पर योजना बनाकर पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध हो।

### बड़े-बड़े गढ्ढे दे रहे हादसों को न्यौता, जान जोखिम में सफर करने मजबूर लोग

# फ्लाईओवर खस्ताहालः जर्जर हुई डगर पर नहीं किसी भी जिम्मेदार की नजर

नर्मदापुरम रोड पर खेड़ा नहर के पास बना प्रमुख फ्लाईओवर की खस्ताहालत में है। राहगीरों के लिए इस पर सफर करना जान जोखिम में डालने जैसा है। पुल की सतह पर बने गहरे गड्ढे हर दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम रोड पर खेड़ा नहर के पास बना प्रमुख फ्लाईओवर, जिसे यातायात को सुगम बनाने के लिए बनाया गया था, अब खुद एक बड़ा खतरा बन गया है। इस पुल की खस्ताहालत इतनी गंभीर है कि इस पर सफर करना जान जोखिम में डालने जैसा है। पुल की सतह पर तीन से चार इंच चौड़े और आधा फुट से अधिक गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो हर दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं। लगातार खबरें आने के बाद रेलवे के संबंधित विभाग ने इसके मरम्मत की लीपापोती शुरु की है, जो एक या दो बारिश में धुल जाएगी। जरूरत है, मरम्मत की रस्म अदायगी के स्थान पर इसके रोड के पुनर्निर्माण की।

यह पुल शहर के साथ-साथ नर्मदापुरम, भोपाल, और आसपास के ग्रामीण इलाकों को भी जोड़ता है। इस पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, जिनमें स्कूल बसों में आने-जाने वाले बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह फ्लायओवर अपनी क्षमता से अधिक भार झेल रहा है, जिससे इसकी हालत लगातार बिगड़ रही है।

### गुणवत्ता पर गंभीर सवाल

यह पहली बार नहीं है जब यह पुल अपने घटिया निर्माण के कारण चर्चा में आया है। निर्माण के बाद से ही इसकी तकनीकी खामियां सामने आती रही हैं। करोड़ों की लागत से बनी इस रेलवे परियोजना की ऐसी दुर्दशा ने निर्माण में इस्तेमाल हुई घटिया सामग्री और तकनीकी मानकों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का आरोप है कि खराब गुणवत्ता के कारण ही यह पुल कुछ ही वर्षों में जर्जर हो गया है।

### अधिकारियों की टालमटोल जारी

जे.आर.यू.सी.सी. के सदस्य राजा तिवारी ने इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। उन्होंने बताया कि उन्होंने राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया से भी इस संबंध में शिकायत की है, और वह उच्च स्तर पर बात कर रही हैं। पूर्व में भी शिकायत के बाद एक जांच टीम ने मौके का दौरा किया था और डामर के नमूने भी लिए थे, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

### इनका कहना है

'मैं अभी बाहर हूँ, लेकिन हमने उस पुल की सड़क की मरम्मत के आदेश दे दिए हैं और मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो गया है। जल्द ही मरम्मत कार्य पूर्ण करके इसे सुधारा जाएगा।'

**मतीन खान, रेल अधिकारी**

'हमने पूर्व में भी शिकायत की थी। संबंधित अधिकारी वर्षों से यहां पदस्थ हैं, वे किसी की सुनते नहीं हैं। अभी राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया से शिकायत की है, वे उच्च स्तर पर बात कर रही हैं।'

**राजा तिवारी, जेडआरयूसीसी सदस्य :**

'मैं यहां से रोज आना-जाना करता हूं, रात के वक्त अधिक डर लगता है। दिन में भी इसमें इतने गड्ढों के बीच से होकर बाइक निकालना जोखिम भरा होता है। जनप्रतिनिधियों को इस पर ध्यान देकर समस्या का निदान कराना चाहिए।'

**उत्तम पथरोटिया, राहगीर इटारसी :**

'ब्रिज के मार्ग में तीन से चार इंच चौड़े और करीब आधा फुट से अधिक गहरे गड्ढे हो गये हैं। हम ग्राम रैसलपुर से इटारसी आना जाना करते हैं, यहां बच्चों का स्कूल भी है, जो यहीं से आते-जाते हैं, प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, ऐसा प्रतीत हो रहा है। क्या हादसे के बाद ही अधिकारी जागेंगे?'

**साहिल बरखने, राहगीर रैसलपुर :**

## पीडीएस से किया जा रहा घटिया किस्म के अनाज का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में नागरिक आपूर्ति निगम प्रबंधन के द्वारा लगातार ६माह से राशन दुकानों पर पीडीएस में वितरण करने वाला अनाज सबसे घटिया किस्म गेंहू चावल वितरण के लिए बाहर से बुलाया गया है। जबकि अच्छा अनाज सरकारी गोदामों से ही लगभग गायब कर दिए गए हैं।

लगभग 6 माह से राशन दुकानों में कनकी भेजा जा रही है जबकि चांवल ग़ायब है। चांवल 8 एवं 5 नंबर में रखा था। दिल्ली से महिला अधिकारी ने बताया कि सेंपल लेने के लिए आई थी तो आपसी सहमति से अच्छा अनाज भेज दिया गया था। जिसकी जानकारी सूचना का अधिकार नियम अंतर्गत मागी गई थी जिसकी समय सीमा में पूर्ण होने पर भी जानकारी नहीं दी गई है। खराब अनाज को छानकर राशन दुकानों पर पीडीएस में वितरण किया जा रहा है। अभी सितंबर माह में वितरण के लिए खराब अनाज सोहागपुर विकास खण्ड के ढिकवाडा के वेयर हाउस से लगातार 2 दिन से बुलाया गया है।जो खाने योग्य नहीं है।

फिर भी 2 नबर के सरकारी वेयरहाउस में खाली कराया गया है। गणेश स्थापना दिवस पर अवकाश घोषित होने पर भी काला बाजारी की जा रही है। वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के प्रबंधक भीम सिंह डाबर ने बताया कि उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम प्रबंधन को मना कर दिया था। सर्वेयर के द्वारा पास नहीं किया फिर अधिकारी ने बुलाया है और रखवाया गया है। जो अब दुकान पर शासन की भेजा जाएगा। इस बारे में नागरिक आपूर्ति निगम प्रबंधन से फोन पर बात करना चाही तो फोन रिसीव नहीं किया । कनिष्ठ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला ने जबाब नहीं दिया।

## मंगलवार महा अभियान में स्वच्छता अभियान

**बुधनी।** नगर परिषद द्वारा मंगलवार महा अभियान के तहत वीआईपी रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं सीएमओ संतोष रघुवंशी के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हर मंगलवार स्थान विशेष पर साफ सफाई की जाती है इसी तारतम्य में मंगलवार को सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र चौहान के मार्गदर्शन में वीआईपी रोड पर साफ सफाई की गई।

## इटारसी में विराजे लालबाग के राजा, भक्तों ने किए भव्य प्रथम दर्श, जयघोष से गूंजा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मुंबई के प्रसिद्ध लाल बाग के राजा की तर्ज़ पर इटारसी की बैंक कॉलोनी में चिंतामणि गणेश मंडल द्वारा स्थापित गणपति की प्रतिमा के बुधवार शाम को प्रथम दर्शन आयोजित किए गए। यह क्षण इतना भव्य और मनोरम था कि जिसने भी देखा, वह देखता ही रह गया।

मंडल के सदस्यों और भक्तों की दो महीने की मेहनत और समर्पण उस पल साकार हो गई, जब बप्पा की मूरत से पर्दा उठा। शाम 7 बजे से पहले ही बैंक कॉलोनी में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा था। चारों ओर ɀगणपति बप्पा मोरयाɀ के जयघोष गूंज रहे थे। जैसे ही प्रतिमा के प्रथम दर्शन का कार्यक्रम शुरू हुआ, पूरा क्षेत्र रंगीन रोशनी और मनमोहक सजावट से जगमगा उठा। पंडाल की भव्यता और बप्पा की आकर्षक प्रतिमा को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। इस मौके को और भी खास बनाने के लिए बड़े पैमाने पर आतिशबाजी का इंतज़ाम किया गया था। आसमान में लगातार फूटती रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने माहौल में और भी उत्साह भर दिया। भक्तों ने बप्पा के प्रथम दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया और खुशी मनाई। चिंतामणि गणेश मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस बार की प्रतिमा और पंडाल को खास तौर पर तैयार किया गया है ताकि इटारसी के लोग मुंबई जैसी भव्यता का अनुभव कर सकें। आने वाले दिनों में यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

यह आयोजन सिर्फ एक पूजा नहीं, बल्कि इटारसी में भक्ति, कला और एकता का प्रतीक बन गया है। लाल बाग के राजा के आगमन से शहर में गणेशोत्सव का रंग और भी गहरा हो गया है।

## पति की दीर्घायु के लिए मातृशक्ति ने किया हरतालिका तीज का व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

हरितालिका तीज तीजा पर नगर में मंदिर एवं घरों में फुलेरा बांधकर भगवान शिव पार्वती की पूजा की गई धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए यह व्रत रखा था इस व्रत को करने वाली कुमारी एवं सौभाग्यवती महिलाएं रात्रि जागरण करती हैं महिलाएं इस मौके पर अपने घर एवं आसपास के शिवालय मंदिर में व्रत कथा सुनती है हरतालिका तीज पर पांच प्रहर की पूजा की जाती है महिलाएं सुबह जल्दी उठकर स्नान कर नए वस्त्र धारण कर श्रृंगार करती है पति की लंबी आयु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए रात्रि जागरण कर पूजा की शनिचरा बाजार शैलपुत्री धाम में पंडित रवीश रावत ने विधि विधान से पूजन कराया।

## घर-घर विराजे गजानन, शुरू हुआ गणेशोत्सव अल सुबह से बाजारों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



समूचे भारत में उत्साह एवं समर्पण के साथ मनाए जाने वाले श्री गणेश उत्सव का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में घर-घर में गजानन की स्थापना शुभ मुहूर्त में नागरिकों के द्वारा की गई। वहीं देर शाम तक सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों के द्वारा पंडालों में प्रतिमाओं की स्थापना का क्रम जारी रहा। दिनभर बाजार में श्री गणेश प्रतिमाओं की साज-सज्जा के लिए सामग्री क्रय करने वालों की भीड़ बनी रही। वस्त्र, आभूषण आदि श्रृंगार की सामग्री करते श्री गणेश भक्त बाजार में दिनभर नजर आए।

इधर प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना में सरकारी नियम पालना का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारियों ने अपील की है कि सार्वजनिक प्रतिमा स्थापना समितियों के द्वारा सरकार की गाइडलाइन का पालन कर सहयोग किया जाए तथा मिट्टी की प्रतिमाओं की स्थापना ही घरोन ल पांडालों में की जाए।



## सेना में भर्ती होने विद्यार्थियों को दी गई विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पूर्व छात्र रहे कर्नल दिनेश कनौजिया द्वारा छात्राओं को सेना में भर्ती होने के लिए एवं एनसीसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं अच्छी तरह से पढ़ाई करने के साथ ही देश की सेवा करने हेतु प्रेरित किया । कर्नल दिनेश कनौजिया जी द्वारा छात्राओं को विषम परिस्थितियों में भी संघर्षरत रहते हुए अपने सपनों को पूरा करने हेतु प्रेरणा संदेश दिया गया।सांदीपनि विद्यालय के दसवीं और बारहवीं कक्षा के100% रिजल्ट लाने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूजा साहू द्वारा तथा अंजलि साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## ग्रामीण अंचलों में श्रीगणेश उत्सव समितियों ने लगाए पंडाल, प्रतिमाओं की स्थापना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



नगर में गणेश जन्मोत्सव की धूम के साथ हुआ विघ्नहर्ता का आगमन भक्तों ने जगह-जगह पंडाल लगाकर गणपति की स्थापना की वही नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम वासियों ने अपने घर की साफ सफाई करके केले के पत्तों पर आसन जमा कर पूजा अर्चना के साथ गणपति बप्पा की स्थापना की।

ज्ञात हो की सेमरी हरचंद झालौन एवं जमुनिया में लगभग 25 से 30स्थानों पर पंडाल में गणेश उत्सव मनाया जा रहा है इस वर्ष प्रशासन के सख्त निर्देश हैं कि गणेश पंडालों में डीजे का उपयोग नहीं किया जाए एवं रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर भी अनिवार्य रूप से बंद किए जाएं एवं गणेश उत्सव समितियां शांति एवं सौहार्द के साथ गणेश उत्सव मनाएं।

## जिला स्तरीय बास्केटबाल चयन शिविर में 64 खिलाड़ियों का चयन

**सीहोर।** आगामी 15 सितंबर से विदिशा में होने वाली संभाग स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय बास्केटबाल ट्रायल शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले भर के करीब 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें से 64 खिलाड़ियों का विभिन्न वर्ग में चयन हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंकित चौहान ने बताया कि शहर के कोतवाली स्थित बास्केटबाल मैदान पर चयन शिविर का आयोजन किया गया था। चयन के पश्चात बालक-बालिका वर्ग की अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 टीम का गठन किया गया है।

## नगर में विराजमान विध्नहर्ता भगवान श्रीगणेश, हुआ पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ गणेश उत्सव की शुरुआत हुई नगर में अनेक जगह मंगल मूर्ति श्री गणेश की स्थापना हुई श्रद्धालु गणेश प्रतिमा डीजे और ढोल बजाते हुए ले जा रहे थे जहां कुछ लोगों ने शुभ मूहर्त में दिन की स्थापना की वहीं कहीं रात्रि के मूहर्त में स्थापना हुई इस बार कई लोग बाहर से सुंदर आकर्षक प्रतिमा लेकर आए हैं।

### 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

# नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को दें समझाइशः मिश्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर 2025 शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में 26 अगस्त को मंगलवार को दोपहर 02.00 बजे जिला अभिभाषक संघ देवास में अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजय प्रकाश मिश्र अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने उपस्थित अधिववक्तागणों को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के साथ - साथ अधिवक्तागण का भी विशेष सहयोग एवं भूमिका रहती है कि वह पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु प्रेरित कर सकते है।

साथ ही नेशनल लोक अदालत में अधिकाशतः मामले जैसेः- मोटर दुर्घटना दावा, राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 चैंक बाउंस, एवं वैवाहिक मामलों में विशेष रूप से राजीनामा की संभावना अधिक रहती है। बैठक में सुमन श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश/प्रभारी नेशनल लोक अदालत, विकास शर्मा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह भेरावत चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीलेन्द्र कुमार तिवारी न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास, सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी देवास एवं अशोक वर्मा अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण कराने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों एवं बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार विशेष छूट दी जाएगी। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र द्वारा अधिवक्तागणों से अपील की गई कि- अधिवक्तागण विशेष रूप से रूचि लेकर नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को समझाईश दे कि राजीनामा के आधार पर मामले का शीघ्र और बिना किसी व्यय के निराकरण होता है और पक्षकारों के बीच प्रेम और स्नेह बना रहता है।

लोक अदालत में नेशनल लोक अदालत में सिविल एवं चैक अनादरण से संबंधित प्रकरणों में न्याय शुल्क की राशि की नियमानुसार वापसी होती है जिससे पक्षकारों को अतिरिक्त लाभ होता है। अतः अधिक से अधिक पक्षकार इस अवसर का लाभ उठाएं।

## गवली समाज की महिलाओं ने श्रृंगार कर विधिवत रूप से की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में सुहागिनों का प्रमुख पर्व हरतालिका तीज पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देवास में जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों के बीच, गवली समाज की महिलाओं ने एक विशेष आयोजन कर इस पर्व को धूमधाम से मनाया। समाज के युवा समाजसेवी कपिल यादव ने बताया कि गवली यादव समाज की महिलाएं इस अवसर पर गवली मोहल्ला स्थित मांगलिक भवन में एकत्रित हुई। सभी ने तीज का निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। पर्व के महत्व के अनुसार, सभी महिलाओं ने पारंपरिक और आकर्षक वेशभूषा में श्रृंगार किया हुआ था, जो इस आयोजन की शोभा बढ़ा रहा था। उन्होंने शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की और अपने सुहाग की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के बाद, महिलाओं ने मिलकर भजन-कीर्तन किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

**खबर संक्षेप**

### आबकारी ने गोंदागांव खुर्द व बिरजाखेड़ी में छापा मारा

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। आबकारी विभाग के दल ने जनसुनवाई में ग्राम गोंदागॉव खुर्द व बिरजाखेड़ी मे अवैध मदिरा विक्रय सम्बंधित शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए.एस. बघेल एवं डी एस चौहान के नेतृत्व मे शिकायतकर्ता द्वारा बताये व्यक्तियों के यहाँ दबिश देकर कुल 4 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब तथा 36 पाव देसी शराब जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 3 प्रकरण एवं 1 खाली तलाशी दर्ज की। कार्यवाही मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए. एस. बघेल एवं डी एस चौहान, आबकारी उपनिरीक्षक संग्रामसिंह गोरे, पूनम मानकर, एवं समस्त आबकारी आरक्षको का योगदान रहा।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर भर्ती शिविर आज

**हरदा।** जिले में पात्र बेरोजगार युवक युवतियों के लिये सिक्युरिटी गार्ड व सुपरवाइजर की भर्ती हेतु विकासखण्ड स्तर पर पंजीयन शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिला परियोजना प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि ये शिविर प्रातः 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होंगे। उन्होने बताया कि 28 अगस्त को जनपद पंचायत टिमरनी में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 29 अगस्त को जनपद पंचायत खिरकिया में तथा 30 अगस्त को जनपद पंचायत हरदा में विकासखण्ड स्तरीय शिविर आयोजित किये जायेंगे। श्री कालेश्वर ने बताया कि भर्ती हेतु आवेदक की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, आयु 18 से 38 वर्ष के मध्य, ऊँचाई 163 से.मी. से अधिक तथा वजन 48 किलो से अधिक होना आवश्यक है।

### सड़क हादसे में 2 की मौत

**हरदा।** छीपाबड़ थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। कार में चार लोग सवार थे। दो लोग घायल हुए हैं। भिरंगी रेलवे गेट के पास की घटना है। पुलिस के मुताबिक, एमपी 09 सीएफ 3145 नंबर की ऑल्टो कार हरदा से खिरकिया की तरफ जा रही थी। रास्ते में गड्ढे से बचने की कोशिश में कार का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। कार में आगे बैठे सारंगपुर निवासी काशीराम राजपूत और बैरागढ़ भोपाल निवासी प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। 60 साल के सारंगपुर के मंशाराम सेन और 65 साल के अवधनारायण घायल हो गए। दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए खिरकिया अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

नगर परिषद अध्यक्ष की कुर्सी पर लगातार उथल-पुथल जारी

# पार्षद ने दो फाइलों का अवलोकन किया तो शिकायत थाने पहुंच गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

हरदा जिले में नगर परिषद खिरकिया में अध्यक्ष की कुर्सी पर लगातार उथल-पुथल जारी है। भारतीय जनता पार्टी के 10 पार्षद अध्यक्ष इंद्रजीत कौर पर अविश्वास जता चुके है। मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक सभी अध्यक्ष की कार्य शैली से नाराज है और उन्हें इस्तीफा देने की बात कह चुके हैं लेकिन अध्यक्ष इस्तीफा देने को तैयार नहीं है। करीब 3 साल पहले तात्कालिक कृषि मंत्री कमल पटेल द्वारा इंद्रजीत कौर को निर्विरोध रूप से नगर परिषद अध्यक्ष बनाया गया था और अब यह बात निकलकर सामने आ रही है कि अध्यक्ष ने तात्कालिक कृषि मंत्री एवं भाजपा के कद्दावर नेता कमल पटेल से भी किनारा कर लिया है। दूसरी बार बात निकलकर सामने आ रही है कि अध्यक्ष खिलाफ जांच में कई वित्तीय अनियमितताएं की जांच भी जारी है। मंगलवार को भी नगर परिषद खिरकिया में लगातार खींचतान जारी रही वार्ड क्रमांक 10 से पार्षद नितिन गुप्ता तालाब गहरीकरण निर्माण और पार्क निर्माण की फाइलें निरीक्षण कर रहे थे और बाद में वापस उन्होंने कार्यालय में जमा कर दी इस बात को लेकर भी लगातार बातें सामने आती रही। पहले सीएमओ द्वारा यह कहा गया कि पहले गुम हो गई है और बाद में यह बताया गया की फाइलें सुरक्षित है।

नगर परिषद में इंद्रजीत कौर भाजपा की टिकट पर पार्षद का चुनाव जीती थी और फिर उन्हें अध्यक्ष बनाया था, लेकिन पिछले कुछ महीनों से बीजेपी के ही पार्षदों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। हालांकि अध्यक्ष की कुर्सी पर इंद्रजीत कौर तो है लेकिन पर्दे के पीछे से उनके पति महेंद्र खनूजा परिषद को लगातार 3 साल से चलाते नजर आए। इन तीन सालों के दौरान बस स्टैंड स्टेडियम गांधी चौक कायाकल्प जैसे महत्वपूर्ण कार्य बिल्कुल भी आगे नहीं बढ़ सके जिसके चलते पूरी परिषद में पार्षदों का अध्यक्ष प्रति अविश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा संगठन अध्यक्ष पति को लगातार दो माह से यह समझाइए दे रहा है कि आपके खिलाफ पूरी परिषद है आप इस्तीफा दीजिए लेकिन अध्यक्ष पति इस बात पर अड़े हुए हैं कि पहले सभी भाजपा समर्थित पार्षद इस्तीफा दें इसके बाद ही उनकी धर्मपत्नी अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देंगी। पार्षदों ने उन पर मनमानी तरीके से निर्णय लेने, नियमों की अनदेखी करने और विकास कार्यों में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया. मामला इतना बढ़ गया कि पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया गया था।




### इनका कहना है

*मैं पार्षद होने के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग का सभापति भी हूं मेरे द्वारा 8 दिन पहले नगर परिषद की दो फाइलें देखने के लिए सीएमओ का आवेदन दिया गया था मैं कार्यालय में बैठकर दोनों फाइलों का अवलोकन कर रहा था। इस दौरान अध्यक्ष महोदय के दबाव में सीएमओ द्वारा फाइल गुम होने का आवेदन थाने में दिया गया और मेरे द्वारा जब फाइलें अवलोकन करने के बाद कार्यालय में ही वापस कर दी गई तो सीएमओ ने फाइल गुम होने का आवेदन वापस ले लिया। फाइल अवलोकन के दौरान ही फाइल गुम हो जाने की शिकायत करना यह दर्शाता है कि कहीं ना कहीं परिषद के काम में भ्रष्टाचार हो रहा है।*

**नितिन गुप्ता** पार्षद वार्ड क्रमांक 10

*वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद परिषद के कामों की दो फाइल देख रहे थे जो उन्होंने बाद में वापस जमा कर दी।*

**महेंद्र शर्मा** सीएमओ नगर परिषद खिरकिया

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बयान का विरोध

# भाजपा महिला मोर्चा ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बुधवार को परशुराम चौक पर भाजपा महिला मोर्चा ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के बयान के खिलाफ जोरदार विरोध किया। पटवारी ने प्रदेश की महिलाओं को सबसे ज्यादा शराब पीने वाला बताया था। इसे मातृशक्ति का अपमान मानते हुए महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पटवारी का पुतला फूंका और नारेबाजी की। महिलाओं ने पुतले के चेहरे पर कालिख पोतकर जलाया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने कहा कि हरतालिका तीज जैसे पावन पर्व पर जब महिलाएं श्रद्धा और आस्था से निर्जला व्रत रखती हैं, तब इस तरह का बयान देना मातृशक्ति का घोर अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महिलाओं के प्रति दूषित और संकीर्ण मानसिकता रखती है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि पटवारी को प्रदेश की सभी मातृशक्तियों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस से मांग की कि पटवारी को पद से हटाया जाए। वर्मा ने कहा कि विपक्ष मुद्दों की बजाय महिलाओं का अपमान करने वाली राजनीति कर रहा है, जो कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा नेत्री पूजा शर्मा ने कहा कि जीतू पटवारी का बयान महिलाओं का अपमान है। इसी कारण पुतले पर कालिख पोतकर जलाया गया। उन्होंने कहा कि तीज के दिन जब बहनें अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, तब इस तरह का बयान कांग्रेस की गुंडागर्दी और मानसिकता को उजागर करता है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि कांग्रेस की यह सोच प्रदेश की महिलाएं कभी बर्दाश्त नहीं करेंगी।

हरतालिका तीज मनाई

## महिलाओं ने भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

नगर में महिलाओं द्वारा रीति रिवाज से उपवास रखकर भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना उपवास रखकर फुलेरा पूजा की। रात भर संगीत और सुबह नदी में विसर्जन किया, पंडित नीरज महाराज द्वारा बताया, हरतालिका तीज का पौराणिक महत्व देवी पार्वती की शिव को पति के रूप में पाने की तपस्या से जुड़ा है। जिसमें उन्होंने अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध जाकर कठोर व्रत किया था। उन्होंने बताया कि हरतालिका तीज की पौराणिक कथा और महत्व है।

मप्र पटवारी संघ ने दी तकनीकी समस्याओं पर प्रदेश सरकार को चेतावनी

## पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण कई कामों पर असर हो रहा, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल की तकनीकी समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है। हरदा में मंगलवार को संघ ने राजस्व सचिव के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पटवारी संघ का कहना है कि, पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण कई कामों पर असर हो रहा है। इनमें राजस्व न्यायालयों के आदेशों का क्रियान्वयन, बसरा आधार ई-केवाईसी सत्यापन, साइबर तहसील नामांतरण और बंटवारे के मामले शामिल हैं। ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग करोलिया समेत संघ के कई पदाधिकारी मौजूद थे। पटवारी संघ के उपप्रांताध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि, किसान सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित त्वरित नामांतरण, बंटवारा और दुरुस्ती के काम भी पोर्टल की खामियों के कारण रुके हुए हैं। जिला अधिकारी पटवारियों पर काम को पूरा करने का दबाव बना रहे हैं। कई जगह पटवारियों को निलंबित किया जा रहा है। उन्हें कारण बताओ नोटिस दिए जा रहे हैं और वेतन रोका जा रहा है। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि, यदि 1 सितंबर तक पोर्टल को पटवारी-अनुकूल नहीं बनाया गया, तो वे पोर्टल पर कार्य करना बंद कर देंगे। हालांकि अन्य शासकीय कार्य जारी रखेंगे। इस कार्रवाई की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



चार धाम यात्रा पर जा रहे

## तीर्थयात्री भगवान गणेश की पूजन कर रवाना हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

मां नर्मदा की कृपा से चार धाम यात्रा के लिए के लिए नगर से तीर्थयात्री स्थानीय गणेश चौक पर भगवान गणेश की पूजन कर रवाना हुए। इस दौरान व्यापारियों नगरवासियों सामाजिक बंधु एवं जनप्रतिनिधियों ढोल बाजे और फूल माला के साथ यात्रा पर जा रहे। तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया 20 से 25 दिन में ही यात्रा पूरी होगी यात्रा पर जा रहा है तीर्थ यात्री रविशंकर गौर ने बताया कि क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहे। भगवान की कृपा हमारे नगर में बनी रहे यही कामना लेकर हम यात्रा कर रहे हैं। तीर्थ यात्री स्पेशल बस 40 यात्री रवाना हुऐ। दुलिया, बालागांव रहटगांव, महेंद्रगांव, हरदा शामिल, जय नारायण गौर, गौरीशंकर गौर, गोविन्द मालवीय, गोपाल मालवीय, कांताप्रसाद पाल, भगीरथ गौर, सियाराम गौर, रमेश गौर है।

## कोटवारों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** सैकड़ों कोटवारों ने तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को नमन किया और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों के हित में की गई घोषणाओं और आदेशों का पालन नहीं करने सहित कोटवारों पर जारी अन्याय अत्याचारों को लेकर कड़ा विरोध भी दर्ज कराया। मंगलवार को मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ से जुड़े जिले भर के कोटवार टाउनहाल परिसर में एकात्रित हुए। जहां से तिरंगा रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को दिया। पुलिस जैसी वर्दी पहनकर तिरंगा रैली में शामिल हुए कोटवारों ने मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष छगनलाल मालवीय के नेतृत्व में दिए गए। ज्ञापन में बताया कि राजस्व विभाग के कोटवार विरोधी फैसले लेकर कोटवारों को प्रताडित कर रहा है। गलत तरीके से भिंड जिले की अटेर तहसील में 31 कोटवारों को हटा दिया गया है और उनकी सेवा भूमि पर कब्जा कर लिया गया है।

## जीआईएस 2.0 में पटवारियों को हो रही समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शासन द्वारा एक अपूर्ण साफ्टवेयर देव जीआईएस 2.0 पर कार्य करने के लिए मप्र के संपूर्ण पटवारियों को कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसमें कई प्रकार की व्यवहारिक कठनाई और समस्या है। जिन्हें जल्द ही दूर किया जाना है। बिना व्यवहारिक कठनाई और समस्या को दूर किए बगैर अपूर्ण नाफ्टवेयर वेग जीआईएस 2.0 शुरु कर दिया गया है। जितने न्यायालयों के आदेश का पालन नहीं किया जा सकता है। जिसका दोषारोपण पटवारी संवर्ग को ही दिया जाएगा जो कि न्यायोचित नहीं होगा। ज्ञापन में कहा गया है कि किसान और पटवारियों के लिए बनी समस्या रूपी वेग जीआईएस 2.0 के संबंध में उचित कदम उठाएंगे। फिर भी शासन और प्रशासन द्वारा जीआईएस 2.0 से उपजी समस्याओं के संबंध में पटवारियों पर कोई भी कार्यवाही की जाती है तो पटवारी संवर्ग के हितों की रक्षा के लिए ना चाहकर भी मध्यप्रदेश के संपूर्ण पटवारियों के लिए आंदालन को विवश होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में उपाध्यक्ष मनीष जैन श्यामपुर, हीरालाल मेवााड़ा इछावर, मुरेन्द्र वर्मा शुभकता शर्मा, जिला सह सचिव दुर्गेश रजक, जिला सह कोषाध्यक्ष रोहित वर्मा, राजू अहिरवार, जिला संयोगक सुरेन्द्र जामतिया, संजय, सुनील मालवीय, शशांक गौर, अमनदीप, जिला मीडिया प्रभारी औ प्रवक्ता लोटन पटेल मौजूद थे।

बीते सात दिन से किसान अलग-अलग जगह कर रहे थे जल सत्याग्रह

# फसल बीमा राशि की मांग को लेकर 14 गांव के किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



इछावर, सीहोर और आष्टा तहसील के करीब 14 से अधिक गांव के किसानों ने समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में बीमा राशि की मांग को लेकर पीएम, सीएम और कृषि मंत्री के नाम एसडीएम व संयुक्त कलेक्टर के लिए मंगलवार को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने खराब सोयबीन की फसल को हाथों में लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में दिया धरना। किसान रैली के रूप में बीमा कंपनी के खिलाफ नारे लगाते कलेक्ट्रेट पहुंचे। सीहोर तहसील के ग्राम खामलिया, ग्राम छापरीकलां, लसुड़ियाखास, छोटी मुंगावली, रामाखेड़ी, ढाबला, हीरापुर, चंदेरी, संग्रामपुर, बरखेड़ा खुसाल, डोबरा, नरेला, सेवानिया और आष्टा तहसील के ग्राम पीपलनेर, इछावर तहसील के ग्राम बावड़िया गोसाई के किसानों ने ज्ञापन देते हुए कहा कि 5 साल से प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सूखा, ओला वृष्टि, पानी भराव से उनकी सोयबीन और गेहूं की फसल खराब हो रही है। बीमा कंपनी व शासन से बीमा देने की मांग को लेकर विगत 5 वर्षो से अलग-अलग गांव के किसान कहीं जल सत्याग्रहण करते, पेड़ों पर चढ़कर घंटी बजाते, खराब फसल के खेतों में प्रदर्शन करते आ रहे हैं। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में कलेक्टर सीहोर से लेकर कमिश्नर भोपाल तक ज्ञापन देते चले आ रहे हैं। किसानों को फसल बीमा का लाभ अभी तक नहीं मिला। अभी कुछ ही दिन पूर्व राजस्थान के झुंझुनु से केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा फसल बीमा की राशि डाली गई। जिसमें सीहोर जिला, भोपाल और शाजापुर जिलें के अनेकों गांव के किसानों को बीमा राशि एक रुपए भी नहीं मिली है। कुछ किसानों को बीमा राशि मिली है तो वह 100 से लेकर 200 रुपए प्रति एकड़ मिली है। जो उंट के मुंह में जीरा है। शासन व बीमा कंपनी के खिलाफ विगत एक सप्ताह पूर्व से ही भोपाल के ग्राम टिलाखड़ी के किसान भोपाल तालाब से लगी कुलांसी नदी में जल सत्याग्रहण कर रहे हैं। सीहोर के ग्राम लसुड़िया खास के किसान पार्वती नदी में और ग्राम छोटी मुंगावली के किसान पार्वा नदी में, छापरी कला के किसान सीवन नदी में किसान बीते 7 दिन से जल सत्याग्रहण कर रहे हैं। अपने-अपने गांव से ट्रेक्टर ट्रॉली से खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लिए सीहोर कलेक्ट्रेट पंहुचे और रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान किसानों ने नारे लगाए की 5 साल से खराब हो रही फसलो का बीमा दो या बीमा काटना बंद करो।

## किराना दुकान से नकदी और सामान चोरी करने वाले दो गिरफ्तार




**इछावर।** नगर में पिछले दिनों किराना दुकान में हुए नगदी सहित लाखों रुपए के किराना सामान चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने किराना दुकान के अलावा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दो अन्य चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात भी कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया हुआ माल भी बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले नगर के बस स्टैंड स्थित सपना किराना स्टोर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए नगदी सहित हजारों रुपए के किराना सामान पर हाथ साफ कर दिया था। इसके अलावा 5 जुलाई को चोर वार्ड क्रमांक 8 में रहने वाले अनिल विश्वकर्मा के घर के सामने बाउंड्रीबाल के अंदर रखी बाइक के टायर, ट्रेक्टर टायर चोरी कर ले गया थे। इसी प्रकार गांव ब्रिजीशनगर निवासी दुर्गा प्रसाद नागर के घर में रखी मोटरसाइकिल भी चोरी हो गई थी। टीम को मंगलवार को थाना भैरूंदा द्वारा सूचना दी गई की उनके यहां किराना चोरी के अपराध में गिरफ्तारशुदा आरोपी हेमंत मीणा व राहुल मीणा द्वारा पूछताछ पर इछावर बस स्टैंड स्थित किराना दुकान में चोरी करना स्वीकार किया है।